तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 25 अक्टूबर 2026

08 युवा शक्ति राष्ट्र की प्रगति का आधार : डॉ. मिश्रा



09 कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन, मुख्य चुनाव आयुक्त...



खबर संक्षेप

दतान (प) में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

गिधपुरी। ग्राम दतान (प) में 25 अक्टूबर को 'आजा नच ले' डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर आयोजकों द्वारा तैयारियां की गई हैं। आयोजन में सामूहिक, युगल एवं एकल नृत्य वर्ग के प्रतिभागियों को अपनी कला और प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में आकर्षक पुरस्कार राशि रखे जाने से नृत्य कलाकारों में उत्साह रहने की उम्मीद है। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण विभिन्न नृत्य वर्गों में निर्धारित नकद पुरस्कार होंगे। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 25,001 रुपये रखा गया है। वहीं द्वितीय पुरस्कार 12,001 रुपये, तृतीय 7,001 रुपये, चतुर्थ 5,001 रुपये तथा पंचम पुरस्कार 3,001 रुपये निर्धारित किया गया है।

श्री हनुमंत दिव्य कथा महोत्सव 27 से

कसडोल। पेंशनर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 27 अक्टूबर को कसडोल के हड़हापारा स्थित पेंशनर्स भवन में संगीतमय हनुमान चालीसा पर आधारित श्री हनुमंत दिव्य कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। आयोजन को लेकर पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों में उत्साह है। इस धार्मिक आयोजन में पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष देव प्रसाद साहू कथा वाचन करेंगे। संगीतमय हनुमान चालीसा एवं श्री हनुमंत दिव्य कथा के माध्यम से श्रद्धालु भक्तिमय वातावरण में कथा का श्रवण कर सकेंगे। संघ की ओर से सभी सदस्यों से अपने परिवार सहित कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने एवं कथा का रसपान करने की अपील की गई है। कार्यक्रम की जानकारी पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष देव प्रसाद साहू एवं उपाध्यक्ष मोती दास मानिकपुरी ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सदस्यों को धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों से जोड़ना तथा आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है।

महिला के साथ मारपीट

महासमुंद। ग्राम नरसिंगपुर की एक महिला के साथ उसके पति, सास और ननदों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम नरसिंगपुर की सुवर्णा बारिक अपने बेटे शौर्य बारिक एवं बेटी संस्कृति बारिक के साथ ग्राम नरसिंगपुर के एक अन्य मकान में रहती है। 22 नवंबर को सुबह वह अपने बेटे शौर्य के साथ सामान खरीदने दुकान जा रही थी, करीबन 07 बजे वह अपने पति दिवाकर बारिक के घर के सामने पहुंची थी, तभी घर के सामने मेरी बड़ी ननद सविता साहू ने उसे देखकर मेरे भैया के बनाये हुए घर में रह रही है कहते हुए गाली गलौज करने लगी। आवाज को सुनकर उसके पति दिवाकर बारिक, ननद सुनिता प्रधान, सास भूमिसुता बारिक घर के बाहर आये और एक राय होकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। मारपीट करने से बांए हाथ, सिर, पीट व दाहिने पैर में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

खेमड़ा में मारपीट

महासमुंद। ग्राम खेमड़ा में पुरानी बात को लेक एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में तीन लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। कोमाखान पुलिस को तोरनलाल धृतलहरे ग्राम खेमड़ा ने बताया कि 22 अक्टूबर को रात्रि करीबन 9 बजे गांव के आंगनबाड़ी के पास रावण दहन का कार्यक्रम चल रहा था, वह अपने दोस्त कन्हैया लाल बघेल के साथ खड़े होकर बातचीत कर रहा था, उसी समय गांव के हिरेंद्र दीवान, हरि पाडे एवं चैतू पाडे पुरानी बात को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे।

खरीदी के लिए अब कुछ दिन शेष, नए टोकन नियमों के तहत होगी धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

हिरमी, मोहरा, कठिया सहित आसपास के गांवों में अर्ली वैरायटी की कटाई तेज

अंचल के हिरमी, मोहरा, कठिया सहित आसपास के गांवों में अर्ली वैरायटी की धान कटाई शुरू हो गई है। खेतों में फसल पककर तैयार होने के बाद किसान हार्वेस्टर से कटाई कराने में जुट गए हैं। वहीं, खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीदी के लिए अब कुछ ही दिन शेष रहने के बीच किसानों की नजर खरीदी प्रक्रिया और टोकन व्यवस्था पर टिकी हुई है। इस वर्ष धान खरीदी के लिए नई टोकन व्यवस्था लागू की गई है, जिसके तहत किसानों को उनकी भूमि के रकबे के आधार पर टोकन जारी किए जाएंगे। नई व्यवस्था के अनुसार, दो एकड़ तक भूमि धारण करने वाले लघु किसानों को एक टोकन की पात्रता होगी। वहीं, दो एकड़ से अधिक और 10 एकड़ तक भूमि रखने वाले सीमांत किसानों को दो टोकन मिल सकेंगे। इन किसानों को अपनी धारित भूमि के 50-50 प्रतिशत के आधार पर दोनों टोकन जारी किए जाएंगे। प्रत्येक टोकन के अनुसार निर्धारित मात्रा में धान लाना अनिवार्य होगा। कम धान लाने की स्थिति में कम लाई गई मात्रा के अनुपात में संबंधित रकबा स्वतः समर्पित हो जाएगा। इसी तरह, 10 एकड़ से अधिक भूमि वाले दीर्घ कृषकों को तीन टोकन की पात्रता निर्धारित की गई है। इनके लिए प्रथम टोकन में 33 प्रतिशत, द्वितीय टोकन में 33 प्रतिशत तथा तृतीय टोकन में 34 प्रतिशत भूमि के आधार पर टोकन जारी किए जाएंगे। निर्धारित टोकन के अनुसार धान की मात्रा लाना अनिवार्य होगा।



कटाई के साथ खरीदी की तैयारी में जुटे किसान

क्षेत्र में हार्वेस्टर से धान कटाई का काम गति पकड़ रहा है। हालांकि, इस वर्ष हार्वेस्टर से कटाई की दर को लेकर स्थिति अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। इसके बावजूद किसान अपनी फसल कटवाने की तैयारी में लगे हैं। अब किसानों के सामने फसल की कटाई के साथ निर्धारित समय में धान की बिक्री करना भी महत्वपूर्ण हो गया है। नई टोकन व्यवस्था को देखते हुए किसानों को अपनी भूमि के रकबे, टोकन की पात्रता और निर्धारित मात्रा की जानकारी रखना जरूरी होगा, ताकि खरीदी केंद्रों में धान बेचने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। धान खरीदी के लिए समय कम बचने के कारण आने वाले दिनों में कटाई और खरीदी की तैयारियों में तेजी आने की संभावना है।

पायलट कार से कर रहे थे रेकी, दो वाहन और छह मोबाइल सहित 25.41 लाख रुपए का माल जब्त

अंतरराज्यीय गांजा तस्करी का पर्दाफाश, 30 किलो गांजे के साथ प्रयागराज के सात तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार/ सिमगा

जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन निश्चय' के तहत सिमगा पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ओडिशा से गांजे की खेप लेकर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जा रहे थे। तस्करी के दौरान पुलिस की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए गिरोह ने गांजे से भरी स्विफ्ट कार के आगे बलेनो कार को पायलट वाहन के रूप में लगा रखा था। एनएच-130 पर पुलिस की नाकेबंदी देखकर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया। इस दौरान ग्राम दामाखेड़ा में खुशी वाटिका के पास स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। पुलिस ने घेराबंदी कर सातों आरोपियों को पकड़ लिया। जब्त गांजे, दो कारों और छह मोबाइल फोन की कुल कीमत 25 लाख 41 हजार 500 रुपये बताई गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 23 अक्टूबर 2026 को सिमगा पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से सफेद स्विफ्ट कार क्रमांक यूपी 70 जीई 3782 में गांजा भरकर उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा है। गिरोह की गतिविधियों और वाहनों की जानकारी मिलने के बाद सिमगा ओवरब्रिज तथा एनएच-130 पर नाकेबंदी की गई। पुलिस टीम को सामने देखकर दोनों कारों के चालकों ने रफ्तार बढ़ाकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा किया। इसी दौरान दामाखेड़ा के पास स्विफ्ट कार डिवाइडर से टकरा गई। इसके बाद पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों में सवार सात आरोपियों को हिरासत में ले लिया।



प्रयागराज के रहने वाले हैं सभी आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में विनीत कुमार भारती (29), करन कनौजिया (23), सुनील कुमार भारती (22), सुखलेन्द्र कुमार नट (35) और राजेंद्र गुप्ता (42) शामिल हैं। ये सभी प्रयागराज जिले के लालापुर थाना क्षेत्र के छतहरा और नौढिया तरहार के निवासी बताए गए हैं। वहीं शिवशंकर बिन्द (26) और अनिल कुमार बिन्द (39) प्रयागराज जिले के घूरपुर थाना क्षेत्र के पावरी गांव के निवासी हैं।

पहचान की आड़ में बचने की कोशिश

पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक पूछताछ में गिरोह के एक सदस्य के स्थानीय स्तर पर पत्रकार के सहायक के रूप में जुड़े होने तथा दूसरे आरोपी के कथित ग्रामीण चिकित्सक के रूप में काम करने की जानकारी सामने आई है। आरोपियों पर इन पहचानों और संपर्कों की आड़ लेकर जांच से बचने का प्रयास करने का संदेह है। पुलिस मामले में आरोपियों की भूमिका और तस्करी नेटवर्क से उनके संबंधों की जांच कर रही है।

30 किलो से अधिक गांजा बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 30 किलो 430 ग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख 21 हजार 500 रुपये बताई गई है, जब्त किया है। इसके अलावा स्विफ्ट कार की कीमत 3.50 लाख रुपये, बलेनो कार की कीमत छह लाख रुपये तथा छह एंड्रॉइड मोबाइल फोन की कीमत 70 हजार रुपये आंकी गई है। इस तरह जब्त सामग्री का कुल मूल्य 25 लाख 41 हजार 500 रुपये है।

सप्लायरों और खरीदारों की तलाश में जांच

पुलिस ने इस मामले में थाना सिमगा में अपराध क्रमांक 466/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) में अपराध दर्ज किया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस अब गांजे के मुख्य सप्लायरों, संभावित खरीदारों और अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन निश्चय' के तहत की गई इस कार्रवाई में महासमुंद और बिलासपुर पुलिस के साथ अंतर-जिला समन्वय तथा खुफिया सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई किए जाने की जानकारी दी गई है।

गांजा तस्करी के अंतरराज्यीय नेटवर्क का खुलासा, ओडिशा का सप्लायर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी नेटवर्क की कड़ियां जोड़ते हुए ओडिशा के एक कथित सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और मामले की विस्तृत विवेचना के आधार पर ओडिशा के बौद्ध जिले तक पहुंचकर आरोपी को पकड़ा। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी ओडिशा से गांजा लाकर छत्तीसगढ़ में सप्लाई करता था। मामले में अब तक गांजा, स्विफ्ट कार, नकदी और अन्य सामग्री सहित कुल 3 लाख 96 हजार 100 रुपये का मशरूका जब्त किया गया है।



पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री और तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सिटी कोतवाली पुलिस ने पूर्व में दर्ज गांजा तस्करी के मामले की कड़ियों को जोड़ते हुए सप्लाई के स्त्रोत तक ⏭ शेष पेज 09 पर

पहले दो आरोपियों को किया गया था गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक, 17 अक्टूबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम खोरसीनाला पनगांव में कार्रवाई की गई थी। इस दौरान आरोपी आकाश कुरें के कब्जे से तथा उसकी स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 22 एसी 0325 की डिक्की और घर की रसोई के छज्जे से कुल 15 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया गया था। पुलिस ने गांजा बिक्री की 91 हजार 100 रुपये की नकदी और प्लास्टिक रैपर भी जब्त किए थे। पूछताछ के दौरान आकाश कुरें ने गनियारी/भानपुर निवासी भूषण कुमार यादव से गांजा प्राप्त करने की जानकारी दी थी। इसके बाद पुलिस ने गिरौदपुरी क्षेत्र में कार्रवाई कर कथित सप्लायर भूषण कुमार यादव को भी गिरफ्तार किया था।

शराब की अवैध बिक्री दो कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला



जिले में अवैध शराब के क्रय-विक्रय तथा असामाजिक गतिविधियों पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत लगातार सख्त कार्रवाई का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सुहेला पुलिस को अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। 23 अक्टूबर की रात्रि को महिला कमांडो टीम एवं ग्रामीणों के अमूल्य सहयोग से ग्राम सेम्हराडीह में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले दो आरोपी अमर साहू उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम सेम्हराडीह, ⏭ शेष पेज 09 पर

सड़क जर्जर...



हथबंद। हथबंद रेलवे फाटक से लावर चौक तक की मुख्य सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। पूरी सड़क जगह-जगह से टूट गई है और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर दिन-रात भारी वाहनों का आवागमन बना रहता है, जिसके कारण सड़क और भी खराब हो रही है। गड्ढों के कारण आये दिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं और दुर्घटनाएं हो रही हैं। बताया गया कि इस सड़क के जीर्णोद्धार के लिए शासन से स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

चोरी के आरोप में एक महिला, 4 नाबालिग सहित नौ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



शहर की शिवा रेसिडेंसी कॉलोनी, सोनपुरी रोड में सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और चांदी के सिक्के चोरी करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में एक महिला, चार पुरुष और चार विधि से संघर्षरत बालकों सहित कुल नौ आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सोने के आभूषण और चांदी बरामद किए गए हैं। चोरी गए सामान की कुल कीमत 3 लाख 16 हजार रुपये बताई गई है। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची।पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, ⏭ शेष पेज 09 पर

- शिवा रेसिडेंसी में चोरी का पर्दाफाश
- 3.16 लाख रुपए का मशरुका बरामद

सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों तक पहुंची पुलिस

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज की। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के साथ आसपास के मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। फुटेज के विश्लेषण, तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर की सूचना और मैदानी जांच के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। इसके बाद दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, गिरोह के सदस्य कॉलोनियों में घूमकर सूने मकानों की रेकी करते थे। मकान खाली होने की जानकारी मिलने पर योजनाबद्ध तरीके से रात के अंधेरे में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

सूने मकान को बनाया था निशाना

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शिवा रेसिडेंसी कॉलोनी निवासी तुलसी चरण जायसवाल (32 वर्ष), पिता योगेंद्र नारायण, ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 से 20 अक्टूबर 2026 के बीच अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर प्रवेश किया। इसके बाद अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और चांदी के सिक्के चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की कुल कीमत 3 लाख 16 हजार रुपये आंकी गई। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 887/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4), 305 एवं 61(2) तथा किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 और 78 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

ताड़का वध के मंचन ने बांधा समां

टोनाटार में 1983 से जीवंत है रामलीला की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

भगवान श्री राम के आदर्शों, मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दे रही

ग्राम टोनाटार के गुड्डी चौक स्थित रंगमंच भवन में भगवान श्री राम की लीलाओं का मंचन शुरू हो गया है। आदर्श रामलीला मंडली की ओर से आयोजित रामलीला का शुभारंभ 23 अक्टूबर से हुआ है । गांव में 1983 से लगातार रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। चार दशक से अधिक समय से चली आ रही यह परंपरा आज भी ग्रामीणों को भगवान श्री राम के आदर्शों, मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दे रही है। रामलीला के दूसरे दिन 24 अक्टूबर को ताड़का वध और मुनि आगमन का मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं और ऋषि मुनियों की रक्षा के प्रसंग को जीवंत किया। ताड़का वध की दृश्य को देखने के लिए रामलीला प्रेमियों में उत्साह रहा। मंच पर कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों को रामायण के प्रसंगो से जोड़ने का प्रयास किया। आदर्श रामलीला मंडली के कलाकार वर्षों से रामायण के विभिन्न प्रसंगो का मंचन करते आ रहे हैं। रामलीला में भगवान श्री राम की भूमिका शिवचंद रजक, लक्ष्मण पुष्पेंद्र रजक, ⏭ शेष पेज 09 पर



सफल आयोजन में इनका मिल रहा है सहयोग

आदर्श रामलीला मंडली की ओर से 30 अक्टूबर से शुरू हुए आयोजन के तहत प्रतिदिन रामायण के प्रमुख प्रसंगो का मंचन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 अक्टूबर को राम विवाह 26 अक्टूबर को अहिरावण वध 27 अक्टूबर को रावण वध का मंचन किया जाएगा वहीं 28 अक्टूबर को प्रभु श्रीराम के राजतिलक के साथ रामलीला का समापन होगा। वही आदर्श रामलीला मंडली के अध्यक्ष जगन्नाथ वर्मा सहित रोमित ध्रुव, ईश्वर रजक, मेघनाथ ध्रुव, पीतांबर यदु, मंगलू यादव, पिंकू वर्मा, हेमंत वर्मा, भागवत ध्रुव, मुकेश ध्रुव एवं उनके सदस्यों का विशेष सहयोग मिल रहा है।

खबर संक्षेप



रायपुर-कुरुद नई रेल सेवा, ट्रेन मैनेजर राव की रही अहम भूमिका

रायपुर। छत्तीसगढ़ के रेल इतिहास में 20 अक्टूबर 2026 का दिन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज हुआ। गेज परिवर्तन के पश्चात रायपुर से कुरुद के बीच नई रेल सेवा का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर रायपुर में पदस्थ वरिष्ठ यात्री ट्रेन मैनेजर के. ललितेश्वर राव ने ट्रेन मैनेजर के रूप में अपनी ड्यूटी का निर्वहन किया। प्रथम ट्रेन के संचालन से जुड़े इस महत्वपूर्ण अवसर पर उनकी सहभागिता रायपुर ट्रेन मैनेजर संवर्ग के लिए गर्व और सम्मान का विषय बनी। नई रेल सेवा के शुभारंभ जैसे यादगार मौके पर अपनी जिम्मेदारी निभाना उनके सेवाकाल का एक विशेष अनुभव बन गया। नई रेल सेवा की शुरुआत के साथ रायपुर ट्रेन मैनेजर संवर्ग ने आशा जताई कि भारतीय रेल भविष्य में भी यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं प्रदान करते हुए विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।

खुली निविदा बिना उच्चदाब स्मार्ट मीटर की प्रक्रिया निरस्त करें

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) ने बिना किसी खुली निविदा प्रक्रिया का पालन किए, उच्चदाब औद्योगिक कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य एक निजी कंपनी को सौंपने की अनुचित प्रक्रिया प्रारंभ की है। इस प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया कि विभागीय विरोधों के बावजूद उक्त निजी कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से संबंधित नस्ती अध्यक्ष के समक्ष अंतिम स्वीकृति हेतु प्रक्रियाधीन है। कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि निम्नदाब कनेक्शनों के लिए दी गई पुरानी स्वीकृति को आधार बनाकर उच्चदाब कनेक्शनों में भी बिना टेंडर यह कार्य पारित कराने का प्रयास एक गंभीर प्रक्रियात्मक एवं वित्तीय अनियमितता की ओर इशारा करता है। श्री अग्रवाल ने ज्ञापन में कहा कि बिना खुली निविदा प्रक्रिया के तैयार किए गए इस नियम-विरुद्ध प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए।

जोगी कांग्रेस की बैठक आज, महत्वपूर्ण मुद्दों पर होगी चर्चा

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के संगठनात्मक पुनर्गठन, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों तथा जनहित के विभिन्न मुद्दों पर पार्टी की आगामी रणनीति एवं संगठन को अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। सीएम हाउस के सामने जोगी निवास में यह बैठक होगी। बैठक में पार्टी के पुनर्गठन, संगठन में सक्रियता लाने, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी तथा जनहित के मुद्दों को लेकर प्रभावी संघर्ष एवं आंदोलन की रूपरेखा पर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता भगवानू नायक उक्ताशय की जानकारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

चार सूत्रीय मांगों को लेकर कोटवारों की हड़ताल

रायपुर। कोटवार एसोसिएशन ऑफ छतीसगढ़ के आव्हान पर प्रदेशभर के कोटवार अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार से हड़ताल पर चले गए। रायपुर के तूता में कोटवारों ने एकत्र होकर धरना-प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। संघ के प्रांताध्यक्ष प्रेमकिशोर बाघ ने कहा कि उनकी 4 मांगें पूरी तरह से जायज हैं। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दूसरे चरण में जिला मुख्यालय में मुख्यमंत्री के नाम पर कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा है।

त्योहारी सीजन में कम हो गए सोने-चांदी के दाम, फिर भी बीते साल से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवरात्रि से ही त्योहारी सीजन का आगाज हो गया है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि त्योहारी सीजन में सोने और चांदी के दाम लगातार कम हो रहे हैं। अब तो सोना डेढ़ लाख से भी कम हो गया है। चांदी के दाम दो लाख से ज्यादा हैं। भले इस समय सोने और चांदी के दाम कम हैं, लेकिन ये बीते साल से ज्यादा ही हैं।

सोने और चांदी के दाम लगातार रिकार्ड बना रहे हैं, इतिहास में पहले कभी एक दी दिन में इतने दाम कम ज्यादा नहीं हुए हैं, जितने इस साल हुए हैं। चांदी ने तो इस साल चार लाख के पार जाने का भी रिकार्ड बनाया, लेकिन अब इसके दाम बहुत कम हो गए हैं।

सोना डेढ़ लाख से कम, चांदी दो लाख छह हजार

चांदी के दाम ज्यादा बढ़े

बीते साल के त्योहारी सीजन की बात करें तो बीते साल अक्टूबर में धनतेरस पड़ी थी। एक अक्टूबर को जहां सोने के दाम 120700 रुपए थे, वहीं चांदी के दाम 149700 रुपए थे। धनतेरस के दिन सोने की कीमत 132300 और चांदी के दाम 172000 हो गई थी। अब धनतेरस से तुलना करें तो इस समय सोने की कीमत 147100 रुपए है। यानी सोने के दाम इस समय 14800 रुपए ज्यादा हैं। इसी तरह से चांदी की बात करें तो चांदी के दाम इस समय 205100 रुपए हैं। चांदी के दाम 34100 ज्यादा हैं।





दाम कम होने का कारण

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया कि ईरान-अमेरिका तनाव से जुड़े घटनाक्रम, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी, डॉलर सूचकांक में मजबूती और भारतीय रुपए में मजबूती का असर सोने और चांदी की पर पड़ रहा है। अमेरिकी बॉन्ड पर ब्याज बढ़ने से निवेशकों का रुझान सोने के बजाये बॉन्ड की ओर बढ़ा है। वहीं, डॉलर की मजबूती से सोना-चांदी की कीमतों पर दबाव बना हुआ है। भारतीय रुपए में मजबूती आने से आयात की लागत भी कम हुई है, जिसका असर घरेलू बाजार में दिखाई दे रहा है। श्री मालू ने बताया कारोबारी सप्ताह में सोना घटकर 1,47,100 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 2,06,100 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई। इस तरह सोने में 4,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी में 10,100 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई।

कसडोल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन

युवा शक्ति राष्ट्र की प्रगति का आधार : डॉ. मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड कसडोल द्वारा विजयादशमी उत्सव एवं पथसंचलन का आयोजन नगर के नगर भवन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनएमएस संजीवनी हॉस्पिटल के नेत्र सर्जन डॉ. विकास मिश्रा उपस्थित रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के मध्य क्षेत्र मठ-मंदिर प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा ने संबोधित किया। आयोजन में स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। विजयादशमी उत्सव के अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा नगर में पथसंचलन निकाला गया। पथसंचलन नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए बजरंग चौक, बैगापारा एवं बगदेवी पारा पहुंचा। इसके बाद पुनः मुख्य मार्ग से होते हुए स्वयंसेवक नगर भवन मैदान पहुंचे, जहां मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शस्त्र पूजन तथा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।मुख्य अतिथि डॉ. विकास मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि युवा भारत के प्राण हैं। युवाओं की शक्ति, ऊर्जा और सकारात्मक सोच से ही देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ अराजक एवं देशविरोधी तत्व युवाओं को दिग्भ्रमित कर समाज और देश में अशांति पैदा करने का प्रयास करते हैं। ऐसे समय में युवाओं को जागरूक रहकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ऐसा मंच है, जहां राष्ट्र के प्रति निष्ठा, समर्पण और सेवा भाव को महत्व दिया जाता है। राष्ट्र के प्रति लगाव के साथ नागरिकों को अपने मूल अधिकारों के साथ मूल कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संघ से जुड़कर युवा राष्ट्र निर्माण की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। संघ की 100 वर्षों की यात्रा में संगठन ने देश और समाज के लिए अनेक कार्य किए हैं। श्री वर्मा ने कहा कि स्वयंसेवकों ने अपने सेवा कार्यों और सामाजिक योगदान के माध्यम से अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं, जिनसे समाज को सकारात्मक दिशा और प्रेरणा मिली है। राष्ट्र के प्रति समर्पण, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण ही समाज को सशक्त बनाने का आधार है। कसडोल खण्ड कार्यवाह राजेंद्र कुमार निराला ने बताया की कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, सामाजिक समरसता तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया गया। विजयादशमी उत्सव एवं पथसंचलन ने स्वयंसेवकों में संगठनात्मक एकता और राष्ट्रसेवा के भाव को अभिव्यक्त किया।

शस्त्र पूजन के साथ राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता का दिया संदेश





हिंदू समाज को संगठित कर भारत को परम वैभव तक पहुंचाना संघ का लक्ष्य : चंद्रशेखर

मुख्य वक्ता श्री चंद्रशेखर वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदू समाज का ऐसा संगठन है, जो भारत के हित और हिंदू समाज के उत्थान की बात करता है। संघ ने अपनी 100 वर्षों की यात्रा में अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन भारत माता को परम वैभव के शिखर तक पहुंचाने का लक्ष्य सदैव सर्वोपरि रहा है। इसी ध्येय को लेकर संघ ने अपनी शताब्दी यात्रा पूर्ण की है। उन्होंने कहा कि भारत की भूमि पवित्र है, जहां सनातन संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण होता आया है। सनातन समाज ने सदैव संपूर्ण विश्व को मार्गदर्शन देने का कार्य किया है। 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना ही विश्व में शांति और सद्भाव स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

गायत्री परिवार ने नुक्कड़ सभाओं के जरिए दिया नशामुक्त समाज का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रज्ञा मंडल जांगड़ा-सुहेला के गायत्री परिजनों द्वारा नशा एवं व्यसन मुक्ति के प्रति जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से बाइक रैली निकालकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में अभियान के पलारी नगर आगमन पर नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू एवं गायत्री परिवार पलारी के सदस्यों द्वारा रैली में शामिल परिजनों का स्वागत किया गया। इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर लोगों को नशे एवं व्यसन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा नशामुक्त और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने गायत्री परिवार द्वारा संचालित इस जनजागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। नशे की लत से परिवारों में आर्थिक एवं सामाजिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

उन्होंने नगरवासियों से नशे और सभी प्रकार के व्यसनों से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के अशोक निर्मलकर, घनश्याम नामदेव, रवींद्र वर्मा, बिहारी लाल वर्मा, नाथ साहू, रामनाथ वर्मा, राम साहू, दुकालु राम साहू, नरेंद्र ओझा, ललिता वर्मा, मुस्कान साहू, मधु वर्मा, प्रतिभा वर्मा, देवेंद्र पटेल, बेनीराम कन्नौजे, प्रिय राम धीवर, बृजलाल साहू सहित गायत्री परिवार के वरिष्ठजन एवं नगरवासी उपस्थित रहे। नशामुक्त समाज का निर्माण सामूहिक प्रयास से ही संभव है। इस तरह के जागरूकता अभियान समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हैं।

हिंसक वन्यजीवों से ज्यादा खतरनाक हुए इंसान

दो तेंदुआ की मौत के बाद दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में मानव-वन्यजीव द्वंद्व एक गंभीर समस्या साबित हो रहा है। एक पखवाड़ा पूर्व महासमुंद के झिटकी गांव में जिस तेंदुआ ने ग्रामीणों पर हमला किया था, उस तेंदुआ के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले थे। रेस्क्यू कर उस तेंदुआ को उपचार के लिए जंगल सफारी लाया गया, जहां उचार के दौरान तेंदुआ की मौत हो गई। तेंदुआ की मौत ब्रेन हेमरेज से होने की बात सामने आई है। जंगल से भटक कर आया तेंदुआ चार अक्टूबर को झिटकी गांव के एक झोपड़ीनुमा मकान में घुस गया। तेंदुआ की आहट सुनकर सो रहे लोग जाग गए। इसके बाद उन लोगों ने तेंदुआ को भगाने के लिए उसके सिर पर लाठियों से वार किया। लाठी के वार से गुस्साए तेंदुआ ने उन पर हमला कर दिया। इस कारण एक परिवार के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल तेंदुआ को उपचार के लिए जंगल सफारी लाया गया, जहां उपचार के दौरान सात अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। उसकी उम्र छह साल के करीब और वह नर तेंदुआ था। महासमुंद में जिस तेंदुआ ने ग्रामीणों पर अटैक किया था, उस तेंदुआ के हमले में ग्रामीणों के शरीर पर किसी तरह से कैनाइन टीथ के मार्क नहीं मिले हैं।

तेंदुआ से ज्यादा हिंसक हुए इंसान

धमतरी तथा कोण्डागांव के सरहदी गांव में कथित रूप से तेंदुआ के हमले से दो लोगों की मौत तथा 16 लोगों को घायल करने के आरोप में जिस तेंदुआ को ग्रामीणों ने बर्बर तरीके से उसके सिर पर टंगिया तथा लाठी से वार कर रेस्क्यू किया, उस बेदम हो चुके तेंदुआ को काबू करने ग्रामीणों ने आधा दर्जन लकड़ी के बल्ली के नीचे दबा दिया था। उस तेंदुआ को भी उपचार के लिए जंगल सफारी लाया गया, उसकी भी मौत ब्रेन हेमरेज से 19 अक्टूबर को हो गई। जिस तेंदुआ को ग्रामीणों ने पकड़ा था, उसी तेंदुआ ने ग्रामीणों पर हमला किया था या नहीं, इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है, यूएसटीआर की टीम तेंदुआ को रेस्क्यू करने पहुंची थी। उसी दौरान ग्रामीणों ने तेंदुआ को काबू करने उस पर हमला किया था।

बबूल के पेड़ों की अवैध कटाई का आरोप, एसडीएम और डीएफओ से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत भदरा में शासकीय भूमि पर लगे बबूल के पेड़ों की कथित रूप से अवैध कटाई कर लकड़ी बेचने का मामला सामने आया है।

मामले को लेकर ग्रामवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी कसडोल एवं वन मंडल अधिकारी, कसडोल को लिखित शिकायत सौंपकर मौके पर जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों ने इस संबंध में तहसीलदार से भी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा 23 अक्टूबर 2026 को प्रस्तुत शिकायत के अनुसार, ग्राम पंचायत भदरा की शासकीय भूमि पर लगे लगभग 10 बबूल के पेड़ों को कथित तौर पर जबरन काटकर उनकी लकड़ी बेच दी गई। शिकायत में ग्राम पंचायत की सरपंच चिराबाई कश्यप, पति रामफल कश्यप, तथा उपसरपंच लवकुमार कश्यप पर इस मामले में संलिप्त होने के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। शिकायत में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि काटे गए पेड़ों की लकड़ी को अलग-अलग स्थानों पर पहुंचाया गया। आवेदन के मुताबिक, एक ट्रिप लकड़ी ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा ग्राम मल्दा पहुंचाई गई, जबकि एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में लकड़ी कसडोल स्थित श्याम आरा मिल में खाली किए जाने की बात कही गई है। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की जांच कर लकड़ी की कटाई, परिवहन और बिक्री से संबंधित तथ्यों का पता लगाने की मांग की है। मामले में ग्रामीणों ने एक अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत मत्स्य पालन के लिए नवीन तालाब निर्माण कार्य में लगे मजदूरों से लकड़ी कटाई के संबंध में दबावपूर्वक हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान लिए गए। शिकायत के अनुसार, मजदूरों को कथित तौर पर यह कहा गया कि यदि वे हस्ताक्षर नहीं करेंगे, तो उन्हें काम पर नहीं लगाया जाएगा और न ही किसी सरकारी योजना का लाभ दिया जाएगा।



वन विभाग से मौके पर जांच कराने की मांग

ग्रामवासियों ने वन मंडल अधिकारी से मांग की है कि संबंधित शासकीय भूमि का निरीक्षण कराया जाए तथा ग्रामीणों, मजदूरों और अन्य संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ कर पूरे मामले की वास्तविकता सामने लाई जाए। साथ ही, यदि जांच में शासकीय पेड़ों की अवैध कटाई, लकड़ी की बिक्री या मजदूरों पर दबाव बनाने के आरोप सही पाए जाते हैं, तो नियमानुसार संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ताओं में कल्पा कुमार, घनश्याम कश्यप, भूपेंद्र छाया, केशव प्रसाद, फूलसिंह, चौरे लाल सहित अन्य ग्रामवासी है। ग्रामीणों ने इस आरोप की भी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मजदूरों से किस परिस्थिति में हस्ताक्षर अथवा अंगूठे के निशान लिए गए और इसके पीछे क्या कारण था।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीएम हेल्पलाइन के आवेदक से की चर्चा

महासमुंद। जिले के गढ़फुलझर में रामचंडी माता दिवस के आयोजन में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हेल्पलाइन 1076 के आवेदक गंगाधर नायक के भतीजे श्रीराम नायक से चर्चा की। नायक ने बताया कि उनके बड़े पिताजी 72 वर्षीय गंगाधर नायक का आयुष्मान वय वंदन कार्ड नही बना था। जिसकी शिकायत उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में की। शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने त्वरित कार्रवाई की। उनके बड़े पिताजी का कार्ड केवल आधा घंटा में तैयार हो गया। श्रीराम नायक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हेल्पलाइन योजना प्रारंभ करने के लिए आभार व्यक्त किया।

निर्माण कार्य प्रारंभ होने से स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह

वीबी-जी राम जी योजना के तहत करही बाजार में कार्य प्रारंभ, ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ करहीबाजार

ग्राम पंचायत करही बाजार में वीबी-जी राम जी योजना के तहत विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ गांवों में आवश्यक बुनियादी सुविधाओं के विकास को गति देने का प्रयास किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण, तालाब निर्माण, नए तालाबों का निर्माण, भूमि समतलीकरण, जल संचयन के लिए गहरी संरचनाओं का निर्माण, सिंचाई हेतु नालियों का निर्माण, जल निकासी तथा ट्रेंच निर्माण जैसे विभिन्न कार्य किए जाने का प्रावधान है। इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा कृषि कार्यों को लाभ पहुंचाने में मदद मिलने की उम्मीद है। करही बाजार ग्राम पंचायत में कार्य प्रारंभ होने से ग्रामीणों में रोजगार के नए अवसर मिलने और गांव के विकास को गति मिलने की उम्मीद जगी है। स्थानीय स्तर पर विकास कार्य होने से गांव की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी लाभ मिल सकता है।



रोजगार और विकास को मिलेगी गति

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने तथा गांवों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को पूरा करने में ऐसी योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। करही बाजार में योजना के तहत शुरू हुए कार्यों से ग्रामीणों को लाभ मिलने और क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं बढ़ने की उम्मीद है। जिसमें उपस्थित रहे कमला, अरुण निषाद, जनपद सदस्य रेवती, राजेश पटेल समस्त पंचगण एवं रोजगार सहायिका शोभना ध्रुव समस्त मेटगण उपस्थित रहे।

बनियातोरा के घरों में तेंदुए की धमक से ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

जिले के अंतर्गत आने वाले बागबाहरा वन मंडल के कोमाखान परिक्षेत्र में तेंदुए की लगातार मौजूदगी और हमलों से ग्रामीण इलाकों में भारी दहशत का माहौल बना हुआ है। हाल ही में क्षेत्र के कई गांवों में तेंदुए के विचरण और हमलों की घटनाओं ने लोगों की नींद उड़ा दी है।

विभिन्न गांवों में तेंदुए का विचरण प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से कोमाखान परिक्षेत्र के बनियातोरा, परकोम, बहेराभांठा, झलमला और झिटकी कोकडी मुड़पार सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में तेंदुए को लगातार घूमते हुए देखा जा रहा है। कुछ समय पहले झिटकी और पंडरीपानी में तेंदुए के हमलों की गंभीर घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें घायल हुए कुछ लोगों को बेहतर इलाज के लिए रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में भेजा गया था।



ताजा घटनाक्रम के तहत बनियातोरा गांव में गुरुवार रात करीब 9 बजे एक तेंदुआ अचानक घर की बाड़ी की दीवार फांदकर आंगन में आ बैठा। आंगन में तेंदुए को देखकर परिवार के लोग बुरी तरह डर गए। इसके बाद उन्होंने शोर मचाया और पड़ोसी को आवाज दी, जिससे लाठी-डंडे लेकर ग्रामीण मौके पर दौड़े। ग्रामीणों के हल्ला करने और एकजुट होने पर तेंदुआ पीछे बाड़ी की तरफ भाग निकला।

खेती-किसानी और दैनिक जीवन पर असर

दशहरा पर्व के ठीक बाद इन दिनों धान की फसलें विशेषकर छोटेअर्ली वैरायटी की फसलें पककर तैयार हो चुकी हैं और उनकी कटाई का काम चल रहा है। लेकिन खेतों और खलिहानों में तेंदुए के पगचिह्नों और उसकी मौजूदगी की खबरों के चलते ग्रामीण अपने खेतों में जाने से बुरी तरह डरे हुए हैं। किसानों और मवेशी चराने वालों के लिए सामान्य कामकाज करना भी मुश्किल हो गया है।

खबर संक्षेप

शासकीय भूमि व सीसी रोड पर अवैध कब्जा हटाने की मांग

महासमुंद। शहर के वार्ड क्रमांक 30 में आंगनबाड़ी के सामने शासकीय भूमि व सीसी रोड पर अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण को हटाने की मांग वार्ड पार्षद धनेश्वरी सोनवानी एवं वार्डवारियों ने सीएमओ से करते हुए बताया है कि आंगनबाड़ी के सामने शासकीय भूमि, सीसी रोड तथा पालिका द्वारा स्थापित बोर के पास वार्ड के ही एक नागरिक द्वारा घेरा लगाकर अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण किया गया है। जिससे आंगनबाड़ी के बच्चों के मनोरंजन खेलकूद एवं नागरिकों को आवागमन में असुविधा हो रही है। कब्जा एवं अतिक्रमण को हटाने की मांग पालिका सीएमओ से की गई है।

झिटकी में आज मनाया जाएगा शरद पूर्णिमा उत्सव

नर्रा। ग्राम झिटकी में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक शरद पूर्णिमा उत्सव अत्यंत धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। 25 अक्टूबर रविवार को आयोजित होने वाले इस पावन अवसर पर गांव में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर रात्रि 12 बजे के बाद श्रद्धालुओं एवं दर्शकों के लिए विशेष औषधीय गुणों से युक्त प्रसादी का वितरण किया जाएगा, जिसे स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अत्यंत लाभकारी माना जाता है। साथ ही ग्रामीणों एवं आसपास के क्षेत्रवासियों के मनोरंजन तथा लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ी 'नाचा गम्मत' के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

भजन कीर्तन का आयोजन आज

महासमुंद। ग्राम खरोरा में 25 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा पर भजन-कीर्तन का आयोजन रखा गया है। रात्रि 8 बजे वल्सल म्यूजिक ग्रुप बागबाहरा की प्रस्तुति होगी। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि शरद पूर्णिमा पर मंदिरों और घरों में विशेष रूप से भगवान कृष्ण, माता लक्ष्मी और हरि विष्णु की आराधना है। शरद पूर्णिमा कीर्तन-भजन की मुख्य परंपराएं और महत्वपूर्ण है। र खीर का प्रसाद का भोग लगाया जाता है। इस शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणों से अमृत बरसता है, इसलिए खुले आसमान के नीचे खीर रखकर प्रसाद वितरण करते हैं।

सुहेला में धरना देकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, चुनावी पारदर्शिता की उठाई मांग

कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन, मुख्य चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला





प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला के नेतृत्व में तिगड्डा चौक पर वोट चोरी के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। दोपहर 12 बजे आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध जताया। इसके बाद तहसीलदार किशोर कुर्मा वर्मा को ज्ञापन सौंपकर चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग की गई।जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव व्यवस्था आवश्यक है। मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों का संतोषजनक समाधान होना चाहिए, ताकि जनता का लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास बना रहे। कांग्रेस जनहित और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद करती है।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला के अध्यक्ष भानुप्रताप वर्मा ने कहा कि वोट की ताकत ही लोकतंत्र की असली ताकत है। मताधिकार की पवित्रता और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता से कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के मताधिकार की रक्षा और चुनावी व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगी। धरना-प्रदर्शन में पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भुनेश्वर वर्मा, डॉ. फारूखी, जितेंद्र वर्मा, नंदकुमार यदु, पिलेश्वर वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, संतोष चंद्राकर, बिसन साहू, ललिता वर्मा, बूंदा वर्मा, देवकुमार बघेल, अंजली भारती, पारख निरमलकर, बिहारी खूटे, राजेंद्र टंडन, दुर्गेश साहू, रामसुधार जांगड़े, राकेश यदु, टिकेश्वर सेन, मकसूदन साहू एवं जगदीश यादव सहित कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वोट बचाओ, देश बचाओ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कांग्रेस की बैठक





बलौदाबाजार। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रस्तावित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। प्रभारी एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर की उपस्थिति तथा जिलाध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 27 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों और आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में कसडोल विधायक संदीप साहू, सुरेंद्र शर्मा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, दिनेश यदु, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा और पूर्व विधायक सुश्री शकुंतला साहू सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। नेताओं ने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अपने सुझाव रखे और इसकी सफलता के लिए पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से सहयोग करने की अपील की। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को व्यवस्थित रूप से पूरा करने, संगठन के पदाधिकारियों के बीच समन्वय बनाने तथा अधिक से अधिक कांग्रेसजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की गई। नेताओं ने निर्धारित तिथि पर कार्यक्रम को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष भानु वर्मा, दयाराम वर्मा, गुरुदयाल यादव, रवि बंजारे, दीपक साहू और प्रवीण सेन सहित राकेश वर्मा, खिलेंद वर्मा, विक्रम पटेल, राजा तिवारी, संदीप पाण्डेय, समीर अग्रवाल, सुरेंद्र जायसवाल, छल्ला साहू, पद्मेश्वरी साहू, विक्रम गिरी गोस्वामी, गणेश शंकर साहू, आर्यन शुक्ला, हेमचंद्र केसरवानी, डिगेश्वरी रविन्द्र नामदेव, सुभाष राव, रमेश वर्मा, नरेंद्र वर्मा, जितेंद्र नवरत्न, उमा अनंत, शाश्वत यादव, अभिषेक पटेल, गोलू साहू, शेख सलमान, नीरज बांधे, हेमंत वर्मा, सूर्यकांत वर्मा, जय ठाकुर, भावेश वर्मा, राहुल वर्मा, नैमुदास धृतलहरे, गजपति यादव, आयुष भतपहरी, मोहसिन चौहान और राजकुमार रजक सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

कांग्रेस का पैदल मार्च व पुतला दहन, मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज लवन। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन द्वारा मेन रोड से तहसील तक पैदल मार्च कर देश के मुख्य चुनाव आयुक्त के वोट चोरी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ वही तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त के पद से तत्काल बर्खास्त करने की मांग रखी गई। देशभर में कांग्रेस पार्टी द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के ख़िलाफ़ आंदोलन हो रहे हैं। राहुल गांधी द्वारा इस मुद्दे को पिछले कुछ सालों से लगातार जोरों शोरों से उठाया जा रहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार नरेंद्र मोदी और भाजपा की टीम से बैटिंग कर रहे हैं। जबकि चुनाव आयोग को निष्पक्षता से चुनाव करवाना चाहिए। महाराष्ट्र, हरियाणा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल से लेकर अन्य राज्यों में लगातार वोट चोरी एवं भ्रष्ट एसआईआर करवाकर ग़लत तरीक़े से भाजपा की सरकार बनायी जा रही है। जिसकी वजह से भारत का लोकतंत्र खतरे में आ गया है। एक व्यक्ति एक वोट की जो ताक़त थी आज उसे ख़त्म कर संविधान की उपेक्षा की जा रही है। पुतला दहन करते हुए कांग्रेसियों ने लवन तहसील तक पैदल मार्च किया और तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल प्रभाव से ज्ञानेश कुमार की बर्खास्तगी की मांग रखी। इस कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु ने कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए संविधान के हनन करने वाले इस मुद्दे को मंडल सेक्टर एवं बूथ स्तर तक पहुचाने की बात कही। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन अध्यक्ष गुरुदयाल यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, ओबीसी वर्ग जिलाध्यक्ष रामचंद्र पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी देवीलाल बार्वे, जिला कांग्रेस महामंत्री सतीश पांडेय, ब्लॉक कांग्रेस कोषाध्यक्ष एवं पार्षद मृत्युंजय पांडेय, जनपद पंचायत विधायक प्रतिनिधि अजय ताम्रकार, अखिलेश जोशी, ब्लॉक कांग्रेस लवन महामंत्री वीरेंद्र बहादुर कुर्रे, नगर पंचायत लवन विधायक प्रतिनिधि अजय बार्वे, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मृत्युंजय वर्मा अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

महामाया मंदिर में पुजारी एवं पंडाओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



नया बस स्टैण्ड स्थित महामाया मंदिर में नवरात्रि पर्व समाप्त होने के पश्चात मंदिर में नव दिन तक पूजा व सेवा करने वाले पूजारी एवं पंडाओं का सम्मान व विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महामाया मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने सभी पूजारी एवं पंडा लोगों को विदाई राशि एवं श्रीफल व साल भेंट कर सम्मान किया।

इस विदाई समारोह में महामाया मंदिर समिति के अध्यक्ष रोहित साहू, कोषाध्यक्ष आनंद अग्रवाल, संरक्षक रामाधार पटेल, परमेश्वर यदु, सत्यप्रकाश वर्मा, समिति के सदस्य विकास गुप्ता, शत्रुहन वैष्णव, तोरन साहू, प्रहलाद साहू, बुधराम अग्रवाल, किशन रजक, ललित वर्मा आदि उपस्थित थें।

महामाया मंदिर समिमि के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मंदिर के पूजारी कृष्ण कुमार तिवार, मोहन तिवारी के अलावा पंडा राजू यादव, प्रिंस यादव, राजाराम, मयाराम, छोटे लाल यादव, लक्की निर्मलकर, किशुन यादव आदि का सम्मान किया। ज्ञात हो कि इस वर्ष नवरात्रि पर्व में जस गीत के अलावा विभिन्न धार्मिक आयोजित किया गया। जहॉ केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, संजू पटेल सहित पार्षदगण व स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए थे। जबकि 505 मनोकामना ज्योति कलश भक्तजनों के द्वारा प्रज्ज्वलित की गई थी।

अंबुजा विद्यापीठ में रंगोली कार्यशाला बच्चों ने सीखी कला की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



अंबुजा विद्यापीठ, रवान में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने और भारतीय लोक संस्कृति के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय रंगोली कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रंगोली कला की विभिन्न बारीकियां सीखीं। कार्यशाला में कला विशेषज्ञ मेघा वर्मा ने विषय विशेषज्ञ के रूप में विद्यार्थियों को रंगोली बनाने की तकनीकों से परिचित कराया। उन्होंने रंगों के उचित चयन, उनके आकर्षक संयोजन तथा पारंपरिक और आधुनिक रंगोली डिजाइनों की विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सरल एवं रचनात्मक तरीकों से रंगोली बनाना सीखकर विद्यार्थी उत्साहित नजर आए।

रचनात्मकता और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा: इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर छिपी बहुमुखी प्रतिभा को पहचानना और उसे विकसित करने के अवसर उपलब्ध कराना भी है।

रंगोली भारतीय संस्कृति और समृद्ध लोक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में एकाग्रता, धैर्य, कल्पनाशीलता और कलात्मक दृष्टिकोण का विकास होता है।

उन्होंने कार्यशाला में अपना मार्गदर्शन देने के लिए कला विशेषज्ञ मेघा वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने सीखी गई तकनीकों का अभ्यास करते हुए रंग-बिरंगे और आकर्षक रंगोली डिजाइन तैयार किए। बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता का परिचय देते हुए पारंपरिक और प्राकृतिक विषयों पर आधारित रंगोलियां बनाईं। उनकी कलात्मक प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

पेज 7 के शेष

गांजा तस्करी के ...

पहुंचने के लिए जांच आगे बढ़ाई।

ओडिशा के बौद्ध जिले तक पहुंची पुलिस: प्रकरण की एंड-टू-एंड विवेचना के दौरान पुलिस ने गांजे की सप्लाई के मूल स्रोत और अंतरराज्यीय नेटवर्क की जानकारी जुटाई। जांच में ओडिशा से गांजे की खेप छत्तीसगढ़ पहुंचाए जाने की जानकारी सामने आने के बाद सिटी कोतवाली की विशेष टीम ने ओडिशा के बौद्ध जिले में दबिश दी।

लगातार पतासाजी के बाद पुलिस ने कथित अंतरराज्यीय सप्लायर आकाश करना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने ओडिशा से गांजा लाकर छत्तीसगढ़ में सप्लाई करने की बात स्वीकार की है। मामले में पर्याप्त साक्ष्य मिलने के आधार पर उसे 23 अक्टूबर 2026 को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में दर्ज अपराध क्रमांक 870/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) और 29 में कार्रवाई की जा रही है।

ओडिशा का निवासी है आरोपी: गिरफ्तार आरोपी आकाश करना (28 वर्ष), पिता सहदेव करना, ओडिशा के बौद्ध जिले के खलिमामुंडा गांव का निवासी है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की विवेचना की जा रही है। जब्त सामग्री का कुल मूल्य 3 लाख 96 हजार 100 रुपये बताया गया है। पुलिस की कार्रवाई का उद्देश्य गांजा तस्करी से जुड़े अन्य लोगों और सप्लाई नेटवर्क की कड़ियों का पता लगाना है।

एक महिला चार...

गिरफ्तार वयस्क आरोपियों में रितेश कुमार पाढ़ी (34), निवासी पुराना बस स्टैंड के पास बलौदाबाजार, वर्तमान पता कोकड़ी रोड; हेमनाथ यादव उर्फ गोलू उर्फ टप्पू (27), निवासी नयापारा दुर्गा चौक; प्रियांशु साहू उर्फ लक्की (18 वर्ष 3 माह), निवासी संजय कॉलोनी; युवराज दुलानी उर्फ युवी (18), निवासी अंबेडकर चौक; तथा सृष्टि उर्फ डाली ठाकुर (26), निवासी सिविल लाइन, बलौदाबाजार शामिल हैं। इनके साथ चार विधि से संघर्षरत बालकों को भी पकड़ा गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों को 23 अक्टूबर 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया की गई। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील: बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने नागरिकों से घरों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। घर को लंबे समय तक खाली छोड़ने पर सुरक्षा के जरूरी इंतजाम करने तथा आसपास किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल नजदीकी थाना या चौकी को सूचित करने कहा गया है। पुलिस ने इसके लिए दृष्टि हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 भी जारी किया है।

टोनाटार में 1983 ...

सीता सहदेव रजक और हनुमान की भूमिका शत्रुघ्न वर्मा निभाते हैं। इसी तरह अहिरावण का किरदार टोकेश्वर ध्रुव, राजा दशरथ की भूमिका जगन्नाथ वर्मा, मारीच का किरदार पूनम रजक निभाते हैं। वहीं ताड़का की भूमिका लोकपाल जायसवाल ने निभाई। इन कलाकारों के माध्यम से रामायण के विभिन्न प्रसंगो को मंच पर प्रस्तुत किया जा रहा है। रामलीला के जरिए ग्रामीणों को भगवान श्री राम के जीवन, उनके त्याग, कर्तव्य और आदर्शों से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है।

शराब की अवैध...

प्रीतम कुमार ध्रुव उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम सेम्हराडीह को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई। 4.160 बल्क लीटर अवैध शराब जप्त की गई, जिसकी कुल कीमत 8,680 रुपए आंकी गई है।



15 गांवों के 37 स्कूलों में बांटे गए फलदार पौधे, 4 हजार से अधिक शिक्षक व छात्र जुड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत यदि बचपन से हो, तो हरियाली का यह संकल्प आने वाली पीढ़ियों का भविष्य बदल सकता है। इसी उद्देश्य के साथ अदाणी फाउंडेशन ने 'हरियर स्कूल अभियान' के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण जागरूकता की पहल की है। अदाणी पावर लिमिटेड (एपीएल), रायपुर की सामाजिक पहल के तहत 15 गांवों के 37 विद्यालयों में फलदार पौधों का वितरण एवं पौधारोपण किया गया। अभियान में 3,913 विद्यार्थियों और 174 शिक्षकों सहित कुल 4,087 लोगों को शामिल किया गया। अभियान के तहत विद्यार्थियों को आम, अमरूद, नींबू, कटहल, चीकू, सीताफल और जामुन सहित विभिन्न प्रजातियों के फलदार पौधे दिए गए। विद्यालय परिसरों में पौधारोपण कर बच्चों को पौधों की नियमित सिंचाई, देखभाल और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पहल का उद्देश्य बच्चों को केवल पौधे लगाने तक सीमित न रखते हुए उनके संरक्षण की जिम्मेदारी से भी जोड़ना है, ताकि विद्यालयों में विकसित होने वाली हरियाली ग्रामीण पर्यावरण का हिस्सा बन सके।इस अभियान में मूरा, मोहरेंगा, चिचोली, गौरखेड़ा, गैतरा, ताराशिव, रायखेड़ा, भाटापारा, सोनतारा, खपरी, खम्हरिया, कोनारी, बरतोरी, बहेसर और छतौद गांवों के विद्यालयों को शामिल किया गया। लगभग एक महीने तक चले इस अभियान के दौरान रायखेड़ा के शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला तथा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी पौधे वितरित किए गए।

अदाणी फाउंडेशन का हरियर स्कूल अभियान



जनप्रतिनिधियों ने निभाई भागीदारी

कार्यक्रम को सफल बनाने विद्यालयों के प्राचार्यों, प्रधान पाठकों, शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाई । इनमें गुलाब विश्वकर्मा, प्रीति तिवारी, सुबेसिंह ध्रुव, राजकुमार शुक्ला, मुकेश कुर्रे, मीना सिरमौर, राजेश नायक, सरिता वर्मा, गंगोत्री साहू, बृजेश कुमार सिंह, संगीता वर्मा, मधुसूदन टंडन, भुवनेश्वरी वर्मा, राजेंद्र चतुर्वेदी, दुरपति चंद्रवंशी, पैकरा सर, भारती वर्मा, ज्ञानेश्वर प्रसाद वर्मा, दिनेश्वरी वर्मा, छेदीलाल साहू, अरुण कुमार सिन्हा, ओमप्रकाश पाटकर, योगेश कुमार साहू, ब्रह्मदेव खिचरिया एवं रमेश बंजारे सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। अदाणी फाउंडेशन की ओर से सीएसआर टीम की प्रीति प्रजापति, सिविल इंजीनियर राजीव रंजन, सुमित कुमार साहू और उत्थान टीम के सदस्यों ने अभियान के संचालन में योगदान दिया।

खबर संक्षेप

चौकीदार के घर चोरी

महासमुंद। पीडब्लूडी महासमुंद के चौकीदार के खैरा स्थित घर से जेवरों व मोबाइल की चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को गोपाल तंबोली ने बताया कि वह पीडब्लूडी महासमुंद में चौकीदार है और 21 अक्टूबर की शाम 5.30 बजे वार्ड नं. 10 खैरा स्थित अपने घर में ताला बंद करके ड्यूटी करने ऑफिस महासमुंद आया। रात लगभग 9 बजे खाना खाने के लिए घर गया तो देखा कि मुख्य दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी। वहीं बेडरूम के दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ था। बिस्तर उठाकर देखने पर उसके नीचे रखा पुरानी इस्तेमाली एक नग सोने की चेन कीमत 65000 रुपए, एक नग सोने का लॉकेट कीमत 3000 रुपे , एक नग सोने की अंगूठी कीमत 22000 रुपए व एक नग पुराना की पैड मोबाईल कीमत 500 रुपए कुल 90,500 रुपए की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

राइस मिल में चोरी

महासमुंद। ग्राम मेमरा स्थित राइस मिल के ऑफिस में हुई चोरी के मामले में रिपोर्ट पर पिथौरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पिथौरा पुलिस को श्रीराम राईस मिल ग्राम मेमरा के कैलाशचंद अग्रवाल पिता किशनलाल अग्रवाल (45 वर्ष) ने बताया कि 19 अक्टूबर की रात्रि करीबन 07 बजे वह राइस मिल बंद करके घर आया था। जब वह 21 अक्टूबर को दोपहर 01 बजे राइस मिल जाकर देखा कि आलमारी का लॉकर टूटा था, उसमें रखी नगद रकम 1,25,000 रुपए , 1 चांदी का सिक्का 10 ग्राम कीमत लगभग 1000 रुपए व सीसीटीवी कैमरे का हार्डडिस्क एनवीआर एवं 2नग पीओए स्वीच 8 पार्ट का कीमत लगभग 10,000 रुपए कुल 1,36,000 रुपए की किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी क ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

देर रात हल्की गुलाबी ठंड का अहसास

नर्रा। दशहरा का पर्व संपन्न होने के बाद अब मौसम के मिजाज में अचानक बदलाव देखने को मिल रहा है। मानसूनी हवाओं की विदाई के साथ ही क्षेत्र में अब अलसुबह और देर रात हल्की 'गुलाबी ठंड' का अहसास शुरू हो गया है। सुबह-सुबह घूमने निकलने वाले लोगों को ठंड महसूस होने लगी है। मौसम में आए इस परिवर्तन के साथ ही आम जनजीवन पर भी इसका असर दिखने लगा है।

नवरत्न जस झांकी परिवार पटपर की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

मरघटहीन काली की झांकी देखने घौराभाठा में भक्ति और आस्था का उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

विकासखंड पलारी के ग्राम घौराभाठा में धार्मिक आस्था, भक्ति और छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी परिवार, पटपर जिला राजनांदगांव द्वारा आयोजित भव्य जस झांकी कार्यक्रम में दर्शकों का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा,लोग जगह नहीं मिलने पर पेड़ पर चढ़कर कार्यक्रम का लुफ्त उठाया, मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों, महाकाल की झांकी, राधा-कृष्ण की रासलीला और मरघटहीन काली की प्रभावशाली प्रस्तुति ने लोगों को भावविभोर कर दिया। पूरा आयोजन स्थल श्रद्धा, उत्साह और भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।

कार्यक्रम में एक के बाद एक आकर्षक धार्मिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को देर तक बांधे रखा। झांकी परिवार के कलाकारों ने अपनी कला, अभिनय और प्रस्तुति के माध्यम से धार्मिक प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। विशेष रूप से मरघटहीन काली की झांकी दर्शकों के बीच आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। इस प्रस्तुति को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की।कार्यक्रम में दर्शकों की भारी भीड़ को देखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन की व्यवस्था सराहनीय रही। आयोजन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे दर्शक शांतिपूर्ण वातावरण में धार्मिक प्रस्तुतियों का आनंद ले सके। ग्राम घौराभाठा में आयोजित इस भव्य जस झांकी कार्यक्रम ने धार्मिक आस्था के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की लोककला और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक प्रस्तुत की। मरघटहीन काली की झांकी सहित विभिन्न धार्मिक प्रस्तुतियां दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहीं। आयोजन ने गांव में उत्साह और भक्तिमय वातावरण का संचार किया।

मां दुर्गा के नौ स्वरूपों से लेकर महाकाल की झांकी तक ने बांधा समां





मरघटहीन काली की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम की सबसे चर्चित प्रस्तुति मरघटहीन काली की झांकी रही। इस प्रस्तुति को देखने के लिए दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कलाकारों की भावपूर्ण अदाकारी और प्रभावशाली मंचन ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे दर्शकों ने पूरे कार्यक्रम का आनंद लिया। देर तक आयोजन स्थल पर दर्शकों की भीड़ बनी रही और धार्मिक प्रस्तुतियों से माहौल भक्तिमय बना रहा।

मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की झांकी ने मोहा मन

कार्यक्रम में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की झांकी के माध्यम से शक्ति और भक्ति का संदेश दिया गया। वहीं महाकाल की प्रस्तुति ने धार्मिक वातावरण को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। राधा-कृष्ण की रासलीला ने प्रेम, भक्ति और समर्पण की भावना को दर्शाया, जबकि चीरहरण प्रसंग के माध्यम से धार्मिक कथा का मंचन किया गया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भारतीय धार्मिक परंपराओं और पौराणिक प्रसंगों से जोड़ने का प्रयास किया।

बेटे के जन्मोत्सव पर कराया भव्य आयोजन

इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम के आयोजक कैलाश साहू रहे। उन्होंने अपने बेटे के जन्मोत्सव के अवसर पर धार्मिक जस झांकी का आयोजन कर इस खुशी को सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव का रूप दिया। आयोजन के माध्यम से ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों को एक साथ धार्मिक प्रस्तुतियों का आनंद लेने का अवसर मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन

भाटापारा। वाल्मीकि नगर, शक्ति वार्ड भाटापारा महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती के पावन एवं शुभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह कलश यात्रा राम जानकी मंदिर से विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ होकर वाल्मीकि नगर स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम में पहुंचकर संपन्न होगी।

इस पावन अवसर पर समाज के अध्यक्ष प्रतेश राठौर समस्त पदाधिकारीगण, वरिष्ठ समाजसेवी एवं समाज के महिला-पुरुष, युवा तथा समस्त सदस्यगण बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर महर्षि वाल्मीकि जी के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट करेंगे। कलश यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता, भाईचारे एवं आपसी सद्भाव को मजबूत करना तथा महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों, विचारों और शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। महर्षि वाल्मीकि जी ने अपनी महान रचना रामायण के माध्यम से संपूर्ण मानव समाज को सत्य, धर्म, मर्यादा, न्याय एवं आदर्श जीवन का मार्ग दिखाया। उनका जीवन हमें शिक्षा, संस्कार, समानता और मानवता के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। समाज के सभी सदस्यों से अपील की गई है कि वे इस पावन कलश यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं तथा महर्षि वाल्मीकि जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लें।

भाटापारा में ग्रीष्मकालीन धान की खेती पर रोक के निर्देश का विरोध

भाटापारा। कृषि ऊपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा ने भाजपा सरकार के नौकरशाहों के द्वारा भाटापारा विधान सभा क्षेत्र की जीवन दायनी शिवनाथ नदी किनारे बसे गाँव के किसानो को गर्मी में धान का उत्पादन नहीं करने की चेतावनी दे रहे है यह किसानों के साथ घोर अन्याय है किसान विरोधी सरकार के नौकरशाहों के इस तुगलकी फरमान को किसान स्वीकार नहीं करेगा और न ही नौकरशाहओ की चेतावनी पर अमल करेगा,किसान अपने अपने गाँवों में गर्मी में अपनी फसल का उत्पादन करेंगे ना डरे थे ना डरेंगे रहे है, आज किसान कर्ज में डूबा हुवा है सोसायटी का कर्ज, टैक्टर का कर्जसहित पारिवारिक जिम्मेदारी के निर्वाहन सभी धान की फसल बेचकर करता है। इस वर्ष गंगरेल बांध के पानी से हुये फसल के नुकसान की भरपाई करने सरकार ने अभी तक किसानों को क्षतिपूर्ति का मुआवज़ा नहीं दिया।



युवा संसद प्रतियोगिता में औरेठी की टीम विजेता



सिमगा। विकासखंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें औरेठी की टीम ने बाजी मारी। विजेता टीम सोमवार 26 अक्टूबर को बलौद बाजार में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदर्शन करेगी। इस टीम के प्रशिक्षक डॉक्टर दिनेश कुमार उपाध्याय थे। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, जनपद पंचायत सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, जनपद सदस्य खोम लाल साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय श्रीवास्तव, विकासखंड सहायक शिक्षा अधिकारी सी एस ध्रुव, निर्णायक मंडल के सदस्य प्राचार्य बनसांकरा रामकुमार ध्रुव, प्राचार्य विश्रामपुर शत्रुहन देवांगन, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी भास्कर कुमार साहू , शिक्षकगण और प्रतिभागी छात्र छात्रा उपस्थित थे। अंत में भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी ने विजेता टीम को विधानसभा रायपुर घुमाने का वचन दिया।

गौरीशंकर ने सर्व सुविधायुक्त आदिवासी समाज सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

सर्व आदिवासी समाज, ब्लॉक इकाई पलारी के तत्वावधान में नगर पंचायत पलारी के वार्ड क्रमांक 15 में सर्व आदिवासी समाज के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन समारोह का आयोजन शनिवार को बड़ादेव की पूजा अर्चना पश्चात संपन्न हुआ। विदित हो कि यह भवन 23 मार्च 2026 को जिला बलौदाबाजार प्रवास के दौरान आदिवासी समाज के कार्यक्रम में ग्राम ओडान में विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा द्वारा 50 लाख रुपए की घोषणा किया था, जिसका भूमिपूजन मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के करकमलों से किया गया, इस दौरान उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज इस धरती पर प्राचीन समय से निवास करते आ रहे है, जो अपने परम्परा रिवाज के नाम से जाने जाते है और नदी ,पेड़ ,पहाड़ों की पूजा अर्चना करते है इस सामाजिक भवन निर्माण से समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा।



इससे समाज की एकता, संगठन और सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष विधानसभा गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित योगेश चंद्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी सविता भीम यादव, नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष गोपी साहू, पवन वर्मा अध्यक्ष भाजपा मंडल, ओमप्रकाश चंद्रवंशी पुर्व किसान महामंत्री, नंद वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा,केजूराम साहू, तुलसी डहरिया, बृजबाई वर्मा, संकेत वर्मा, प्रमोद देवांगन, रवि श्रीवास्तव, योगेश योगी वर्मा, रामबाबू पटेल, निर्मला रजक, संतोषी मानिकपुरी एवं सर्व आदिवासी समाज पलारी ब्लॉक अध्यक्ष डॉ भान सिंह ध्रुव, उपाध्यक्ष यू के नागवंशी, संरक्षक गजानंद ताराम, सचिव छन्नू लाल ध्रुव, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, लवन तुरतरिया महासभा अध्यक्ष शिव नेताम, जिला उपाध्यक्ष भानू ध्रुव, मनोहर मण्डावी, सचिव थानु ध्रुव, ब्लॉक अध्यक्ष महिला प्रेमीन ध्रुव, अनित ध्रुव, कोषाध्यक्ष अभय लाल ध्रुव, सहसचिव दशरथ ध्रुव, भूमका पुजारी, रोहित छेदइया, केशव कुंजाम, राजकुमार ध्रुव, समाजसेवी दया राम ध्रुव, हेमलाल नायक, रामजी ध्रुव, तीज राम ध्रुव, श्यामबाबू ध्रुव, कृष्णा ध्रुव, कुबेर सिंह पैकरा, जितेंद्र ध्रुव, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम ध्रुव, टॉप लाल ध्रुव, महिला प्रभाग दुर्गेशनंदनी ध्रुव, जानकी नेताम, चक अध्यक्ष भोजराम नेताम, छत्रर सिंह ध्रुव, दशरू राम, जितेंद्र ध्रुव, नेमीचंद ध्रुव, हेमलाल नेताम, महासचिव जनक राम, जयराम ध्रुव, महासभा दाऊ लाल ध्रुव, तिरिथराम ध्रुव प्रभु दयाल, ललित नेताम, राजकुमार ध्रुव, पुरुषोत्तम दीवान, संत राम ध्रुव, मनोज ध्रुव, चंदन ध्रुव, चंद्रेश ध्रुव, कृष ध्रुव, बृजभूषण दीवान, प्रेम शंकर दीवान उपस्थित थे।

डिएमएफ मद से शिक्षकों की भर्ती का बनेगा प्रस्ताव

शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए लगेगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसीवां

विगत दिवस शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण तथा विभागीय कार्यों को सुगम बनाने के उद्देश्य से शिक्षक साझा मंच बिलाईगढ़ और विकासखंड शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण साहू के मध्य ब्लॉक स्रोत केंद्र कार्यालय बिलाईगढ़ में विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षकों की सेवा पुस्तिका के संधारण, पेंशन संबंधी अभिलेखों, अवकाश, अनुकंपा नियुक्ति, लंबित देयकों तथा शिक्षकों की कमी जैसी समस्याओं पर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में



निर्णय लिया गया कि शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में होने वाली त्रुटियों एवं कमियों को दूर करने के लिए बिलाईगढ़, भटगांव और सरसीवां में तीन अलग-अलग स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में शिक्षक अपनी सेवा पुस्तिका का स्वयं अवलोकन करेंगे तथा उसमें पाई जाने वाली कमियों को संबंधित अधिकारियों और संगठन के सहयोग से दूर कराएंगे। इसका उद्देश्य शिक्षकों को विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने और अनावश्यक परेशानियों से बचाना है। बैठक में शिक्षकों को एनपीएस और ओपीएस से संबंधित अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण की सलाह दी गई।प्रस्ताव में जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) के माध्यम से शिक्षकविहीन एवं शिक्षकों की कमी से जूझ रहे विद्यालयों में अस्थायी रूप से शिक्षकों की नियुक्ति करने तथा उनके मानदेय की व्यवस्था डीएमएफ मद से करने की मांग की जाएगी। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण साहू, कामता प्रसाद साहू, यादराम हिरवानी, नरेंद्र कुमार साहू, मनीष कुमार डडसेना, बृजभान सिंह जगत, मनीराम यादव, बुधनी अजय, फदेंद्र सिंह नेताम, अरविंद कुमार चौधरी, मोतीलाल टंडन, दरस राम राजेत्री, स्नेहलता ठाकुर, पुरंदर सिंह दीक्षित सहित विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

डिएमएफ से भर्ती की मांग

ऐसे आवेदन विकासखंड मुख्यालय में जमा किए जा सकेंगे। इसके बाद संगठन के माध्यम से उन्हें जिला स्तर तक पहुंचाने और आगे की कार्रवाई कराने में सहयोग किया जाएगा। शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए कलेक्टर से करेंगे मुलाकात-विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों की कमी का मुद्दा भी उठाया गया। इस समस्या के समाधान के लिए शिक्षक साझा मंच द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कर जिला कलेक्टर से शीघ्र मुलाकात करने का निर्णय लिया गया।

दिवंगत शिक्षकों के प्रकरणों का त्वरित निराकरण

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सेवानिवृत्त एवं दिवंगत शिक्षकों के लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण कराने के लिए प्रयास किए जाएंगे। दिवंगत शिक्षकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दिलाने तथा उनके लंबित देयकों का भुगतान कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इन प्रकरणों की निगरानी शिक्षक साझा मंच द्वारा भी की जाएगी। ऑनलाइन अवकाश और विभागीय आवेदनों पर चर्चा शिक्षकों के सभी प्रकार के अवकाश ऑनलाइन दर्ज कराने पर भी जोर दिया गया, ताकि वीएसके ऐप में अवकाश पर रहने वाले शिक्षकों की अनुपस्थिति दर्ज होने जैसी समस्याओं से बचा जा सके।